# राजा भोज हवाई अड्डे पर नए आगमन हॉल का शुभारंभ

**▸ नए फायर स्टेशन और डिजी यात्रा सुविधा भी शुरू**

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 29 मार्च. राजधानी स्थित राजा भोज हवाई अड्डे पर रविवार को यात्रियों की सुविधाओं और अग्नि सुरक्षा के लिए किए गए निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया.**

इसका उद्घाटन नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने राजकोट हवाई अड्डे से वर्चुअल किया. रविवार को राजधानी के हवाई अड्डे पर आधुनिक यात्री सुविधाओं से



तैयार आगमन हॉल, नया फायर स्टेशन और डिजी यात्रा सुविधा (फेशियल रिकॉग्निशन तकनीक) का शुभारंभ किया गया.

यह सभी सुविधाएं आरंभ हो गई हैं, शुभारंभ के बाद सबसे पहले मुंबई से एयर इंडिया की 174 यात्रियों वाली पहली फ्लाइट आई. इसके यात्रियों का स्वागत नए आगमन हॉल में महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा और राजाभोज हवाई अड्डे के डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने गुलाब का फूल किया. अब से सभी आने वाले यात्रियों की प्रक्रिया नए घरेलू आगमन हॉल के माध्यम से की जाएगी. यह आगमन हॉल पहले भूतल पर था जिसे अब घरेलू यात्रियों के लिए नवीन बेसमेंट में हॉल बनाया गया, उसमें आज से सभी यात्रियों को आने के लिए शुरू किया गया है, वहीं अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए भूतल ही रहेगा.

### डिजी यात्रा सुविधा का शुभारंभ

राजाभोज हवाई अड्डे पर डिजी यात्रा सुविधा (फेशियल रिकॉग्निशन तकनीक) मशीन का शुभारंभ किया गया. यह एआई-आधारित बायोमेट्रिक तकनीक है, जो चेहरे की आंखों, नाक, जबड़े की दूरी को मैप करके डिजिटल फेसप्रिंट बनाती है. यह 2डी या 3डी छवियों का उपयोग करके डेटाबेस से तुलना करती है, जिसका उपयोग सुरक्षा, स्मार्टफोन अनलॉकिंग और निगरानी के लिए किया जाता है. यहां पर यात्रियों के आगमन और प्रस्थान के दौरान मशीन के सामने आने पर पहचान आसान बनाएगी.

**नए हॉल में सेंसरयुक्त वाटर मशीन:** इस नए हॉल में यात्रियों को पीने के पानी की व्यवस्था के लिए नई तकनीकी से सुस्सजित वाटर मशीन लगाई गई है, इस मशीन की खासियत यह है कि इसमें सेंसर लगा हुआ है, जिससे कोई बर्तन या वस्तु का उपयोग करने पर स्वतः ही ठंडा और गर्म पानी मिलता है. दोनों के लिए एक ही मशीन में अलग-अलग नल दिए गए हैं. वहीं अगर कोई स्विच का उपयोग करना चाहता है तो उसके लिए उसी मशीन में अलग से स्विच और नल भी दिया गया.

### नया फायर स्टेशन शुरू

यहां पहले से ही फायर स्टेशन था लेकिन वह हवाई अड्डे के पुराने रनवे के पास था. जिस स्थान पर था, वहां वर्तमान के उपयोग वाले रनवे तक आने में फायर वाहन को दो मिनट से अधिक का समय लगता था. अब नया अग्निशमन केंद्र दोनों रनवे के बीच में स्थापित किया गया, जिससे अब यह दो मिनट की बजाए एक मिनट में पहुंच जाएगा, जिससे आपात स्थिति में फ्लाइट में होने वाली दुर्घटना को जल्द काबू में किया जा सकेगा.

## एक नजर में

### 784 रजिस्ट्रियां से 21.74 करोड़ का मिला राजस्व

**भोपाल.** वित्तीय वर्ष-2025-26 के अंतिम 2 दो दिन बचे हैं. इन दो दिनों में बड़ी संख्या में लोग अचल संपत्तियों की रजिस्ट्रियां कराने पहुंचेंगे जो 2 हजार से अधिक रजिस्ट्रियां होने की उम्मीद है. हर दिन लगभग 800 रजिस्ट्रियां हो रही है. शनिवार को 810 संपत्तियों की रजिस्ट्रियां हुई थीं. इससे 10 करोड़ रुपए का राजस्व पंजीयन विभाग को प्राप्त हुआ था. रविवार को अवकाश के दिन 784 रजिस्ट्रियां हुईं, जिनसे 21.74 करोड़ रुपए का राजस्व आया। इससे पहले नवरात्र के नौ दिना में 5929 रजिस्ट्रियों से 148.69 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था.

### खड़ी कार में बैठकर शराब पीते मिले युवक

**भोपाल.** श्यामला हिल्स थाना पुलिस ने सड़क के किनारे खड़ी एक कार में बैठकर शराब पीने वाले 5 युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है. पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है. जानकारी के मुताबिक मानव संग्रहालय के पास सड़क पर शनिवार को देर रात आरोपी कार में बैठकर शराब पी रहे थे. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा. आरोपियों की पहचान गोपाल खरे, राहुल अहिरवार, रुपेन्द्र खुराना, अजय अहिरवार और अभिषेक सूर्यवंशी के रूप में की गई है.

### मासूम की मौत के मामले में पुलिस की जांच जारी

**भोपाल.** अशोका गार्डन थाना पुलिस मासूम बच्ची की मौत के मामले में जांच कर रही है. डेढ़ साल की बच्ची का बालकनी तक पहुंचना और वहां से नीचे गिरना पुलिस के लिए यह सवाल बना हुआ है. पुलिस मामले में हादसा या साजिश के एंगल से पड़ताल करने में जुटी है. मासूम बच्ची की मौत के मामले में परिजनों के बयान भी थाने में दर्ज किए जा रहे हैं. तुलसी नगर हिनौतिया में बीते गुरुवार को मासूम बालकनी से नीचे गिरी. घायल बच्ची को एम्स में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान बच्ची की शनिवार को मौत हो गई.

# 20 घायलों को पहुंचाया अस्पताल

## डायल-112 टीम ने की त्वरित और समन्वित कार्रवाई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 29 मार्च. मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 टीम ने त्वरित और समन्वित कार्रवाई करते हुए टीकमगढ़ जिले में ट्रैक्टर और बोलेरो की टक्कर में घायल लगभग 20 लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया.**

इस त्वरित कार्रवाई के चलते सभी घायलों को शीघ्र चिकित्सकीय सहायता मिल सकी. अधिकारियों के अनुसार, 28 मार्च 2026 को भोपाल स्थित राज्य स्तरीय डायल-112 कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना बड़ागांव क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम



गोपालपुरा के पास एक सड़क दुर्घटना में कई लोग घायल हो गए हैं और तत्काल सहायता की आवश्यकता है. सूचना मिलते ही फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया.

मौके पर पहुंचकर आरक्षक लक्ष्मण लोधी एवं पायलट शैलेश त्रिपाठी ने बिना विलंब राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया. समन्वित प्रयासों और चिकित्सा वाहनों की सहायता से सभी घायलों को शीघ्रता से शासकीय अस्पताल, बड़ागांव पहुंचाया गया. यह घटना डायल-112 सेवा की त्वरित, प्रभावी और संवेदनशील कार्यप्रणाली को दर्शाती है, जो आपात स्थितियों में तत्परता से सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है.

# शादी का झांसा देकर 2 महिलाओं से किया दुष्कर्म

**▸ निशातपुरा और बैरागढ़ थाना इलाके के मामले**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 29 मार्च. शहर के निशातपुरा और बैरागढ़ थाना इलाके में दो महिलाओं के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं.**

पीड़िताओं के बयान के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. पुलिस अब आरोपियों की तलाश करने में जुट गई है. निशातपुरा थाना इलाके में रहने वाली 23 वर्षीय महिला ने आरोपी जाहिद खान के खिलाफ केस दर्ज कराया है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने सितंबर 2025 में उसको झांसे में लेकर दुष्कर्म किया. पीड़िता ने जब आरोपी से शादी के लिए दबाव बनाया तो वह अपनी बात से मुकर गया. परेशान हो कर पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत कर दी. इसी तरह बैरागढ़ थाने में कोहेफिजा इलाके में रहने वाली 25 वर्षीय महिला ने आरोपी आमिर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है. महिला का आरोप है कि आमिर ने उससे शादी का झांसा देकर बीते फरवरी में बैरागढ़ स्थित एक होटल में ले गया, जहां आरोपी आमिर ने महिला के साथ दुष्कर्म किया.



# मंदिर के पास पशु का अवशेष फेंकने वाला हुआ गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 29 मार्च. छोटा तालाब ब्रिज के समीप काली मंदिर के पास कुछ दिनों पहले पशु के अवशेष फेंककर धार्मिक भावनाओं को आहत कर सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

तलैया थाना पुलिस ने 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को घटना के 5 दिन के अंदर पकड़ने के लिए सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले. जानकारी के मुताबिक आरोपी की पहचान फूलसिंह चौधरी के रूप में की गई है.

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि 22 मार्च को अहीर मोहल्ला जहांगीराबाद निवासी सुनील उर्फ नन्दू यादव ने अपनी भैंस के बच्चे के मरने पर मुझे अपने घर बुलवाकर बटुआ बनवाया था. बटुआ बनाने के बाद भैंस के बच्चे के शव को सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में भरकर अपनी बाइक पर रखकर ले गया, जिसे फूलसिंह ने काली मंदिर वाले पुल पर रोड किनारे फेक दिया था.

# महावीर जयंती पर 30 मार्च को अवकाश घोषित

**भोपाल, 29 मार्च. महावीर जयंती के चलते सरकार ने 30 मार्च सोमवार को अवकाश के संबंध में आदेश जारी किए हैं. सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश 30 मार्च को महावीर जयंती का अवकाश घोषित करने के लिए कलेक्टरों को अधिकृत किया गया है.**

आदेश में कहा गया है कि पूर्व में 31 मार्च मंगलवार को महावीर जयंती का अवकाश घोषित किया गया था. सामाजिक संगठनों की ओर से महावीर जयंती का अवकाश 30 मार्च को घोषित करने की मांग की गई है. इसलिए सरकार ने इस संबंध में जिला कलेक्टरों को अधिकृत किया है. आदेश में कहा गया है कि यदि जिले में महावीर जयंती 31 मार्च को मनायी जा रही है, तो नया आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन यदि 30 मार्च को मनायी जा रही है, तो कलेक्टर अवकाश के संबंध में आदेश जारी कर सकते हैं. इस बीच भोपाल जिला कलेक्टर ने आदेश जारी कर महावीर जयंती के लिए 30 मार्च, सोमवार को अवकाश घोषित कर दिया. आदेश में कहा गया है कि अब 31 मार्च को अवकाश नहीं रहेगा और सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे.

# वॉटसएप नंबर पर हो रही है सिलेंडर की बुकिंग

**▸ पेट्रोल पंपों पर राहत, आसानी से मिल रहा ईंधन**

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 29 मार्च. जिले में रसोई गैस एजेंसियां रविवार के दिन भी खुली रहीं. जिला आपूर्ति नियंत्रक के नेतृत्व में प्रशासन का दल शहर में एजेंसी की जांच में जुटा रहा. इस दौरान किसी एजेंसी व गोदामों पर भीड़ देखने को नहीं मिली.**

इधर एजेंसियों पर सिलेंडर लेकर खड़े लोगों की शिकायत थी कि इंडेन कंपनी के मोबाइल नंबर 7718955555 पर बुकिंग नहीं हो रही.जिससे अब जनता वॉट्सअप नंबर 7588888824 पर बुकिंग कर रही है. इस नंबर से कई लोगों ने बुकिंग कराई. इंडेन, भारत, एचपी कंपनी की एजेंसी व गोदाम पर पांच से छह लोग सिलेंडर लेकर खड़े रहे.

यह स्थिति जवाहर चौक, पांच नंबर, भेल बरखेड़ा, बैरागढ़, लालघाटी, गांधी नगर, अवधपुरी, हमीदिया रोड, आयोध्या बायपास सहित अन्य गैस एजेंसियों पर दिखी. जिले में तीनों कंपनियों के मिलाकर 191 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जिन पर पेट्रोल व डीजल के लिए किल्लत नहीं दिखी. सामान्य दिनों की तरह पंपों पर पेट्रोल व डीजल मिला. जिला खाद्य नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में हैं. कोई भी अफवाहों पर कतई ध्यान न दें. दिए गए नंबरों पर रसोई गैस सिलेंडर बुकिंग करें. मिस कॉल, वॉट्सअप के जरिए बुकिंग करें, एजेंसियों पर लाइन न लगाएं.



शहर में कॉमशियल गैसे सिलेंडरों की 70 प्रतिशत आपूर्ति होने लगी है. वहीं घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की समस्या पूरी तरह से दूर हो चुकी है. जो समस्या सामने आ रही है वह वितरण क्षमता से अधिक बुकिंग होने के कारण है.

**सुमित कुमार पाण्डे, आईएएस, अतिरिक्त कलेक्टर भोपाल**

### लिफ्ट गिरने के मामले में केस दर्ज

**भोपाल.** मिसरोद थाना पुलिस ने चिनार ड्रीम सिटी में लिफ्ट गिरने की घटना पर उप समिति अध्यक्ष के साथ दो सदस्यों पर लापरवाही बरतने का केस दर्ज किया है. हादसे में एक स्थानीय रहवासी गंभीर रूप से घायल हो गया था. 24 वर्षीय अनुज पथरौल इसी अपॉर्टमेंट में रहते हैं. अनुज मंडीदीप में स्थित एक कंपनी में मार्केटिंग का काम करते हैं. बीते माह 28 फरवरी को सुबह के समय वह अपने फ्लैट से निकलकर आफिस जाने के लिए लिफ्ट के अंदर आए. इस दौरान एक अन्य युवक भी उनके साथ लिफ्ट के अंदर ही थी. तभी लिफ्ट 6वें फ्लोर से अचानक नीचे जाने लगी. लिफ्ट के अंदर लगी बटन दबाने के बावजूद भी काम नहीं कर रही थी और लिफ्ट सीधे नीचे आकर गिर गई.

# एल्डरमेन की नियुक्ति को लेकर बैठक आज

## वरिष्ठता और जातीय समीकरण का रखा जाएगा ध्यान

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 29 मार्च. भाजपा ने रविवार को प्रदेश की नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में एल्डरमेन की नियुक्ति कर दी है, लेकिन अभी प्रदेश की नगर निगमों की नियुक्ति पर विचार किया जा रहा है.**

निगमों में भी शीघ्र ही एल्डरमैनों की नियुक्ति की संभावना है. ऐसे में भोपाल नगर निगम में एल्डरमेन की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है. यहां पर 11 एल्डरमेन की नियुक्ति होना है. इसको लेकर सोमवार को बैठक होने की जानकारी मिली है. बताया जाता है कि एल्डरमेन के लिए पार्टी उन्हीं कार्यकर्ताओं को बनाती है जो या तो पार्षद के टिकिट से वंचित रह चुके हों या फिर मंडल में कार्य कर के जिनकी कहीं कोई पूछताछ नहीं हो रही हो. . वैसे तो पार्टी में कोई भी पदाधिकारी यह बताने को तैयार नहीं है कि किन कार्यकर्ताओं की संभावना अधिक है. लेकिन सूत्रों से की माने तो शहर में सैकड़ों कार्यकर्ता एल्डरमेन की कतार में हैं, जो हमेशा ही नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा के चुनावों में वर्षों से कार्य करते आ रहे हैं.

### जातियों का समीकरण...

एल्डरमेन के पदों के लिए पार्टी इस बार नया प्रयोग करने जा रही है. जिसमें सभी जातियों के वरिष्ठ कार्यकर्ता के आधार पर तवज्जो मिल सकती है. वहीं किस जाति के पार्षद अधिक हैं और कौन सी जाति के सभी पदों से वंचित हैं, इनके समीकरण बैठाए जाने की संभावना है.

# दिल्ली-अशोकनगर के बीच स्पेशल ट्रेन

**भोपाल, 29 मार्च. यात्रियों की सुविधा और बैसाखी के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने दिल्ली से अशोकनगर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. यह ट्रेन एक-एक फेरे के लिए चलाई जाएगी, जिससे तीर्थयात्रियों और आम यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी.**

गाड़ी संख्या 04004 दिनांक 11 अप्रैल 2026 को दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से दोपहर 12:15 बजे रवाना होकर 12 अप्रैल को सुबह 4:00 बजे



अशोकनगर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी. वापसी में गाड़ी संख्या 04003, 15 अप्रैल 2026 को अशोकनगर से शाम 5:00 बजे प्रस्थान कर 16 अप्रैल को सुबह 8:45 बजे दिल्ली पहुंचेगी. इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच होंगे, जिनमें स्लीपर, जनरल और एसएलआर कोच शामिल हैं, जिससे अधिक संख्या में यात्रियों को यात्रा की सुविधा मिल सकेगी. ट्रेन मार्ग में मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन, आगरा कैंट रेलवे स्टेशन, ग्वालियर जंक्शन रेलवे स्टेशन और बीना जंक्शन रेलवे स्टेशन सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी.

### रेलकर्मी, पेंशनर्स रहें साइबर ठगी से सतर्क

**भोपाल.** भोपाल मंडल ने रेलकर्मियों और पेंशनर्स के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है. हाल में कुछ ठग खुद को रेलवे अधिकारी बताकर कर्मचारियों, खासकर सेवानिवृत्त या रिटायरमेंट के करीब लोगों को फोन कर बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी और पिन जैसी गोपनीय जानकारी मांग रहे हैं. भारतीय रेलवे का कोई भी अधिकारी फोन पर ऐसी जानकारी नहीं मांगता, इसलिए ऐसी कॉल पूरी तरह फर्जी हैं. एडवाइजरी में कहा गया है कि किसी भी स्थिति में ओटीपी, पासवर्ड या बैंक डिटेल साझा न करें और अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें.

**नगर निगम ▸ रैरा की आपत्ति से दुकानों की नीलामी रुकी**

# टैक्स वसूली के लिए राजस्व प्रभारी, फिर भी लक्ष्य से दूर

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 29 मार्च. नगर निगम भोपाल में टैक्स वसूली का अभियान चलाया जा रहा है. निगम के राजस्व की अधिक से अधिक वसूली हो सके उसके लिए लोक अदालत की छूट को बराबर जारी रखने के लिए शासन के आदेश हैं वहीं निगम ने पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुछ राजस्व प्रभारी भी नियुक्त कर दिए थे.**

लेकिन उसके बाद भी निगम का लक्ष्य लगभग 700 करोड़ भी पूरा होते दिखाई नहीं दे रहा है. चालू वित्तीय वर्ष में निगम को अभी तक 500 करोड़ के लगभग टैक्स मिला है, जो लक्ष्य से काफी कम है. वहीं रैरा की आपत्ति से नीलामी भी रुकी है.

### पांच राजस्व अधिकारी पर लाखों खर्च

नगर निगम ने लक्ष्य से अधिक राजस्व को प्राप्त करने के लिए पांच राजस्व अधिकारी नियुक्त किए हैं. इनको सभी जगह आने-जाने के लिए चार पहिया वाहन, चालक और कर्मचारी सहित अन्य सुविधाएं दे रखी हैं. जिससे टैक्स की अधिक से अधिक वसूली हो सके. सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार इनकी टैक्स वसूली की गतिविधियों का निगम को कोई लाभ होता दिखाई नहीं दिया है. क्योंकि यह सभी ऑफिस में बैठकर ही अपनी कार्य की खानापूर्ति कर रहे हैं. अगर यह मैदानी स्तर पर कार्य कर होते तो निश्चित ही निगम के राजस्व में बढ़ोतरी होती, जो नहीं हुई.

### रैरा की आपत्ति से राजस्व में आई कमी

नगर निगम की शहर में लगभग 400 से अधिक दुकानें निर्मित हैं, जिनकी नीलामी होना है. लेकिन इस पर रैरा ने अपत्ति कर रखी है, जिससे इन दुकानों की नीलामी नहीं हो पा रही है. अगर इन दुकानों की नीलामी हो जाती है तो लगभग 100 करोड़ के राजस्व में बढ़ोतरी हो सकती थी.

### लोक अदालत की छूट का सहारा

25 मार्च को नगर निगम की लोक अदालत आयोजित की गई थी, जिसमें बकायादारों को 50 प्रतिशत की छूट दी गई. सूत्रों के अनुसार यह लोक अदालत की छूट के सहारे की जरुरत ही नहीं होती अगर यह सभी राजस्व अधिकारी मैदान में रहकर कार्य करते. जब निगम को लगा कि लक्ष्य की पूर्ति होना संभव नहीं तो लोक अदालत की छूट को 31 मार्च तक के लिए बढ़ा दिया है.

### इनका कहना है...

हमने बकाया राशि 50 हजार तक की राशि पर अधिभार में पूरी छूट दे रखी है. सभी प्रयास कर रहे हैं. लक्ष्य अधिकारी तय करते हैं. तीन दिन में जितना भी अधिक होगा वह आ जाएगा.

**मालती राय, महापौर, नगर निगम भोपाल**

# बैरागढ़ में किराना व्यापारी ने की आत्महत्या

**भोपाल.** बैरागढ़ इलाके में एक किराना व्यापारी ने आत्महत्या कर ली. रविवार तड़के व्यापारी का शव दुकान के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक व्यापारी उमेश कुमार खतरी का शव उनकी दुकान के अंदर बरामद किया गया. उमेश के भाई अजीत ने सुबह के समय जब उन्हें फंदे पर लटका देखा तो परिजनों और पड़ोसियों की मदद से उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उमेश को मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को उस स्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला. पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. उमेश के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह किराना व्यापार के अलावा फाइनेंस कंपनी के लिए रिकवरी का काम भी करते थे.


VERITAS FINANCE

**वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड**

सीआईएन नंबर: U65923TN2015PLC100328
(पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड)
एसकेसीएल सेंट्रल स्क्वायर 1, साउथ और नॉर्थ विंग, 7वीं मंजिल, यूनिट # C28 - C35 CIPET रोड, थिरु वि का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032. वेबसाइट: www.veritasfin.in

**शाखाओं का विलय**

प्रिय ग्राहकों,
प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि बासौदा शाखा के परिचालन (operations) को 01.07.2026 से विदिशा शाखा के साथ विलय कर दिया जाए।

| शाखा का नाम | बासौदा का पता |
|---|---|
| बासौदा | वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) प्रथम तल, वार्ड नंबर: 07, बरेठ रोड, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास, बासौदा, विदिशा, मध्यप्रदेश- 464221. ईमेल: customercare@veritasfin.in टोल-फ्री: 18002029155 |

फलस्वरूप, विदिशा शाखा का संचालन निम्नलिखित पते पर कार्य करेगा:

| शाखा का नाम | विदिशा का पता |
|---|---|
| विदिशा | वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) द्वितीय तल, आर्य कॉम्प्लेक्स, वार्ड नंबर: 11, सांची रोड, विदिशा, मध्य प्रदेश - 464001. ईमेल: customercare@veritasfin.in टोल-फ्री: 18002029155 |

सहायता के लिए, ग्राहकों से अनुरोध है कि वे विलय की गई शाखाओं के नए पते पर संपर्क करें। हम अपने ग्राहकों से सहयोग की कामना करते हैं।
बासौदा शाखा के बंद होने की तिथि 30/06/2026 है।

**प्रबंधन की ओर से और उनके लिए,**
**वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड**
हस्ताक्षर/-
डी अरुलमनी (D Arulmany)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

स्थान: विदिशा
दिनांक: 30.03.2026